अपनी बात

अंक : 488 वर्ष 39

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, फरवरी, 2015

कोयला सचिव ने सीसीएल के कार्यनिष्पादन कि समीक्षा की

श्री अनिल स्वरूप, सचिव (कोल), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्यालय, राँची के "कोयला कक्ष" में विगत 23 फरवरी को सी.सी.एल. के कार्यनिष्पादन कि समीक्षा की।

बैठक में सी.एम.डी. सी.सी.एल. श्री गोपाल सिंह, सी.एम.डी. बी.सी.सी.एल श्री टी.के.लाहिरी, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद एवं क्षेत्रों के मुख्य–महाप्रबंधक, महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। श्री स्वरूप ने सी.सी.एल. के अधिकारियों को श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए बधाई दी और अपने–अपने कार्यों को दृढ़ संकल्पित होकर सुनियोजित योजना के साथ सकारात्मक रूप से करने की सलाह दी। कोयला सचिव ने सी.सी.एल. के कार्यों से संबंधित कोयला प्रेषण, भूमि अधिग्रहण, रेल रेक की उपलब्धता और फॉरेस्ट क्लियरेंस सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की और दिशा–निर्देश दिये।

सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने सी.सी.एल. प्रबंधन की ओर से कोयला सचिव का स्वागत किया और कहा कि दिये गए कार्यों को कंपनी अवश्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी पूरी तरह से सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है जो पारदर्शिता, नैतिकता और लोकोपारिकता के सिद्वांत पर आधारित है। सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने विस्तार से कंपनी के क्रियाकलापों के बारे में बताया और सूचित किया कि कंपनी ने कोयला उत्पादन में 14 प्रतिशत और ओ.बी. निष्कासन में 64 प्रतिशत की वृद्वि वर्तमान वर्ष 2014–15 में अभी तक की है। उन्होंने नई परियोजनाएं पचरा और संघमित्रा के बारे में भी बताया।

श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी ने कोयला सचिव को सी.सी.एल. में सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) जैसे वैन, जी.पी.एस., सी.सी.टी.वी. कैमरा, ई प्रॅाक्यूरमेंट, फाईल मोनिट्रिंग और बिल ट्रैकिंग सिस्टम आदि पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी।

धन्वतंरी कॉम्पलेक्स, सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक तथा श्रमश्री सभागार का शिलान्यास

सचिव (कोल) श्री अनिल स्वरूप एवं अन्य गणमान्य सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए

सचिव (कोल), कोयला मंत्रालय श्री अनिल स्वरूप संग सीएमडी श्री गोपाल सिंह श्रमश्री सभागार का शिलान्यास करते हुए

मुख्यालय दरभंगा हाउस पहुंचने पर कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक स्थल पर जाकर दिवंगत कोयला कर्मियों को पुष्प श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने मुख्यालय परिसर में "श्रमश्री सभागार" का शिलान्यास भी किया गया। श्री अनिल स्वरूप ने सी.सी.एल. गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल परिसर में "धन्वतंरी कॉम्पलेक्स" और "इको पार्क" का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने "सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक" का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप एवं उनकी धर्मपत्नी तथा सी.एम.डी. सी.सी.एल. श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी भी उपस्थित थी। सी.एम.डी., श्री गोपाल सिंह ने कंपनी में पदभार ग्रहण करने के साथ ही समावेशी विकास मॉडल कायाकल्प योजनाएं को लागू किया, जिसके अंतर्गत सी.सी.एल., गांधीनगर अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक जहॉं देश के प्रख्यात चिकित्सक मरीजों की निःशुल्क जॉंच करते हैं।

"एम.एस.डी.सी." का उद्घाटन

सचिव (कोल), कोयला मंत्रालय श्री अनिल स्वरूप मल्टी स्किल डेवलपमेन्ट सेन्टर (एम.एस.डी.सी.) के छात्रों को संबोधित करते हुए

नये निदेशक (तकनीकी/संचालन)

श्री प्रदीप कुमार तिवारी

श्री प्रदीप कुमार तिवारी ने विगत 07 फरवरी 2015 को सी.सी.एल. में निदेशक (तक./संचा.) के पद पर योगदान दिया। इससे पहले श्री तिवारी मुख्य–महाप्रबंधक (उत्पादन), मुख्य–महाप्रबंधक तकनीकी सचिव (सी.एम.डी.) के पद पर एन.सी.एल. में कार्यरत थे।

श्री प्रदीप कुमार तिवारी, निदेशक (तकनीकी/संचालन)

श्री तिवारी आई.एस.एम., धनबाद 1979 बैच के माईनिंग ग्रेजुएट हैं। इस वर्ष (1979) में श्री तिवारी का चयन एस.ई.सी.एल. (तत्कालिन डब्लू.सी.एल.) में जूनियर एक्सिकुटिव ट्रेनी (प्रशिक्षु) के रूप में हुआ और उनकी पहली पोस्टिंग चिरिमिरी क्षेत्र में की गई। उनके कार्य प्रदर्शन को देखते हुए, उनकी पदोन्नति कर प्रबंधक बना कर बिश्रामपुर क्षेत्र, एस.ई.सी.एल. भेजा गया। इस कंपनी में श्री तिवारी ने लगभग 22 वर्षों (1979 से 2001) तक विभिन्न पदो पर कार्य करते हुए कंपनी को एक नये मुकाम तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 2001, में श्री तिवारी का स्थानांतरण ई.सी.एल. में मुख्य–महाप्रबंधक (योजना व परियोजना) के रूप में किया गया और बाद में श्री तिवारी का स्थानांतरण एन.सी.एल. में किया गया।

भुरकुंडा में खुला आई.टी.आई. केंद्र

विगत 22 फरवरी को केंद्रीय कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप व उनकी पत्नी श्रीमती रूची स्वरूप ने बी.टी.टी.आई. भुरकुंडा में आई.टी.आई. केंद्र का उदघाटन किया। श्री स्वरूप नें आई.टी.आई. लैब में मौजूद सुविधाओं व प्रशिक्षण के तरीकों की जानकारी ली और वहाँ पढ़ने वाले सभी छात्रों से मिले और बातचीत की। छात्रों को उन्होंने बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। मौके पर कोयला सचिव ने कहा कि कौशल विकास के लिए यहाँ पर जो प्रयास शुरू किये गये हैं वह सराहनीय है, इसका दायरा आगे बढ़ाते हुये पूरे कोल इंडिया में इसका विस्तार किया जायेगा। उन्होंने सी.सी.एल. को स्वरोजगार हेतु ऐसे प्रशिक्षण की शुरूआत करने के लिए बधाई दी।

कोयला सचिव ने भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदाड़ी भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने उन्हें उत्खनन की बारीकियों और खदान से जुड़े कार्यों व तकनीक की जानकारी दी। इस अवसर पर निदेशक (तक./संचा) श्री पी.के. तिवारी, महाप्रबंधक (कार्मिक/औ.सं.), श्री आर.एस. महापात्र, महाप्रबंधक (बरका–सयाल), श्री प्रकाश चंद्रा सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

सचिव (कोल) श्री अनिल स्वरूप आई.टी.आई. केन्द्र, भुरकुन्डा का उद्घाटन करते हुए

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)